अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन,बरेली श्री पी0सी0 मीना द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में जनपद बदायूँ के समस्त राजपत्रित अधिकारी,थाना प्रभारियों के साथ आगामी त्यौहार(चेहल्लुम, जन्माष्टमी,गणेश चतुर्थी एवं बारावफात) को सकुशल सम्पन्न कराये जाने एवं अपराध नियंत्रण पर गोष्ठी कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

आज दिनाँक 05.09.2023 को रिजर्व पुलिस लाइन जनपद बदायूँ स्थित सभागार कक्ष में अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन,बरेली श्री पी0सी0मीणा द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूँ, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण/नगर, समस्त क्षेत्राधिकारीगण तथा संबंधित थाना प्रभारी के साथ समीक्षा बैठक की गयी जिसमें आगामी त्यौहार चेहल्लुम, जन्माष्टमी एवं बाराबफात आदि को सकुशल सम्पन्न कराये जाने एवं आपरेशन कन्विक्शन व आपरेशन दृष्टि के अन्तर्गत स्थापित कराये गये कैमरे/पोर्टल पर फीडिंग की कृत कार्यवाही की समीक्षा ली गयी। इसके अतिरिक्त धारा 419/420/467/468 भादवि आदि की विवेचानओं को क्राइम ब्रांच से कराये जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

तदुपरान्त रिजर्व पुलिस लाइन में 48वीं अन्तरजनपदीय अलार्म एफिसियेन्सी एवं रायफल/रिवाल्वर/पिस्टल प्रतियोगिता-2023 के अन्तिम दिन अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन,बरेली द्वारा प्रतियोगिता का समापन किया गया। तथा महोदय द्वारा प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित कर प्रमाण पत्र वितरित किये गए। निर्णायक गण में मु0आ0 राजेन्द्र सिंह, मु0आ0 देवेन्द्र सिंह, मु0आ0 हरपाल सिंह, उ0नि0 इन्द्रपाल सिंह, उ0नि0 मधु कश्यप, मु0आ0 सहदेश सिंह चौहान, पीटीआई अमित राणा, मु0आ0 निपेन्द्र सिंह, का विशेष सहयोग रहा । श्री सुमेर सिंह प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन जनपद बदायूँ द्वारा प्रतियोगिता का संचालन किया गया । आज की प्रतियोगिता के परिणाम निम्न प्रकार हैं -

1. रिवाल्वर/पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में जनपद शाहजहाँपुर प्रथम स्थान व जनपद बदायूँ की टीम द्वितीय स्थान पर रही ।

2. पुरानी स्पर्धा रायफल पुरूष वर्ग में जनपद सम्भल प्रथम स्थान व जनपद बदायूँ की टीम द्वितीय स्थान पर रही ।

3. नई स्पर्धा पुरूष वर्ग में जनपद सम्भल प्रथम स्थान व जनपद शाहजहाँपुर की टीम द्वितीय स्थान पर रही ।

4. नई स्पर्धा महिला वर्ग में जनपद बदायूँ प्रथम स्थान व जनपद मुरादाबाद की टीम द्वितीय स्थान पर रही ।

सोशल मीडिया सेल

जनपद बदायूँ।